# बिहार स्टेट फूड एण्ड सिविल सप्लाईज कॉरपोरेशन,लि0,

"खाद्य भवन",दारोगा प्रसाद राय पथ, आर0ब्लॉक, रोड नं0 2, पटना –800001

पत्रांकः–TECH:11:01:92 :01:2021- 7191 दिनांकः 1.10.21

## कार्यालय आदेश

पथ निर्माण विभाग के पत्र संख्या– प्र0–6/नियम–03–04/02–13211(एस0) 16.10.08 के द्वारा सरकार ने निर्णय लिया है कि राज्य के सभी कार्य विभाग, पथ निर्माण विभाग के बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 (जो पथ निर्माण विभाग, बिहार के अधिसूचना सं0– प्र0–6/नियम–03–04/2002–5737 (एस0) दिनांक 07.05.2007 द्वारा लागू किया गया है) के अनुरूप अपने विभाग के अधीन संवेदकों का निबंधन करेंगे। बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, पटना ( निगम ) में भी निर्माण/मरम्मति आदि कार्यों को कराने के लिए संवेदकों के निबंधन हेतु पथ निर्माण विभाग के बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 को लागू करने का निर्णय लिया गया है।

उक्त निर्णय के फलस्वरुप–

(1) बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, पटना में संवेदको का निबंधन श्रेणी– 1, 2 एवं 3 में करने हेतु बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 को लागू किया जाता है।

(2) राज्य के किसी विभाग द्वारा कालीकृत/दण्डित किये जाने पर संवेदक बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0,पटना में भी कार्य प्राप्त नहीं कर सकेगें। संबंधित दण्ड बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, पटना के संवेदकों पर भी लागू होगा।

(3) पथ निर्माण विभाग के बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली–2007 में जहां भी पथ निर्माण विभाग अंकित है वहां बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, पटना समझा जाय, पथों एवं पुलो में निगम के कार्यों में को भी सम्मिलित समझा जाय, जहां आयुक्त एवं सचिव अंकित है वहां प्रबंध निदेशक समझा जाय, जहां अंचल/विभाग अंकित है वहां बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, पटना समझा जाय तथा जहां अभियंता प्रमुख/मुख्य अभियंता अंकित है वहां मुख्य महाप्रबंधक तकनीकी (मुख्य अभियंता) समझा जाय।

(4) निबंधन नियमावली–2007 के कॉलम–9 में अंकित तथ्यों के स्थान पर "निगम के वैसे संवेदक जिन्हें निगम में कार्य आवंटित है उन्हें एकरारनामा अवधि/दो माह (जो कम है) के अन्दर संवेदक द्वारा निगम में निबंधन कराना होगा, ऐसा नहीं करने पर उनकी जमानत की राशि नहीं लौटायी जायेगी। अन्य संवेदकों के द्वारा एकरारनामा के पूर्व/निविदा में भाग लेने हेतु संवेदक द्वारा निगम मे निबंधन कराना होगा। आदेश निर्गत होने की तिथि के दो माह बाद सिर्फ निगम में निबंधित संवेदक ही निगम के कार्यों के लिए निविदा डालने के योग्य माने जायेंगे" समझा जाय।

(5) निगम के मुख्य महाप्रबंधक,तकनीकी (मुख्य अभियंता) निबंधन पदाधिकारी होंगे।

(6) निर्धारित शुल्क का बैंक ड्रफ्ट 'महाप्रबंधक, वित्त' बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, पटना के पक्ष में देय होगा तथा पटना में भुगतेय होगा।

(7) निगम में निबंधन हेतु सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत वैद्य स्वच्छता चरित्र प्रमाण पत्र निबंधन हेतु अन्य आवश्यक कागजातों के साथ संलग्न करना होगा।

(8) निगम में निबंधन हेतु संवेदक का आवेदन कार्यपालक अभियंता, दक्षिणी बिहार कार्य प्रमंडल बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0, निगम मुख्यालय पटना द्वारा प्राप्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई किया जायेगा।

(9) श्रेणी–4 के संवेदको के निबंधन से संबंधित पथ निर्माण विभाग, पटना (बिहार) की अधिसूचना सं0 प्र0–6/नियम–03–04/2002–13589 (S) दिनांक 13.12.2011 को निगम में भी लागू किया जाता है।

इस पर प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0,पटना की सहमति प्राप्त है।

Chaudhary
01/10/2021
मुख्य महाप्रबंधक, तकनीकी
निगम मुख्यालय,पटना।
01.10.21

पत्रांकः–**TECH:11:01:92 :01:2021-** 7191 दिनांक 1.10.21

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, उत्तरी बिहार कार्य प्रमंडल/ कार्यपालक अभियंता, दक्षिणी बिहार कार्य प्रमंडल निगम मुख्यालय,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Chaudhary
01/10/2021
मुख्य महाप्रबंधक, तकनीकी
निगम मुख्यालय,पटना।
01.10.21

पत्रांकः–**TECH:11:01:92 :01:2021-** 7191 दिनांक 1.10.21

प्रतिलिपि– सभी उप महाप्रबंधक, /सभी महाप्रबंधक/ सभी मुख्य महाप्रबधंक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0,पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Chaudhary
01/10/2021
मुख्य महाप्रबंधक, तकनीकी
निगम मुख्यालय,पटना।
01.10.21

पत्रांकः–**TECH:11:01:92 :01:2021-** 7191 दिनांक 1.10.21

प्रतिलिपि– प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0,पटना को सूचनार्थ समर्पित।

Chaudhary
01/10/2021
मुख्य महाप्रबंधक, तकनीकी
निगम मुख्यालय,पटना।
01.10.21

पत्रांकः–**TECH:11:01:92 :01:2021-** 7191 दिनांक 1.10.21

प्रतिलिपि– आई0 टी0 मैनेजर, बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि0,पटना को निदेश है कि वे इसे निगम के वेबसाईट पर अपलोड कर देंगे।

Chaudhary
01/10/2021
मुख्य महाप्रबंधक, तकनीकी
निगम मुख्यालय,पटना।
01.10.21